हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

दिल्ली चुनाव के परिणाम में अभी तक भारतीय जनता पार्टी 48 और आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। आप के राष्ट्रीय कनवीनरअरविंद केजरीवाल 11 दौर की गणना में बी.जे.पी के प्रवेश वर्मा से 3000 वोटों से पीछे चल रहे हैं।दिल्ली विधानसभा में कुल 70 सीट हैं और किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए 36 सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी।हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम के पलवल स्थित निवास पर मिठाइयां बांटी जा रही हैं।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को मिल रही बढ़त पर कहा -

****

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण एक नए प्रारूप में परसों सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से से 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए इस वर्ष मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढे तीन करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

****

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि परिवहन विभाग एक ऐप विकसित कर रहा है जिसमें क्रास बार की सुविधा दी जाएगी पत्रकारों से बातचीत में श्री विज ने बताया कि इसके अलावा, परिवहन विभाग का डिजिलिटीकरण किया जा रहा है और ट्रैकिंग साफ्टवेयर भी विकसित किया जा रहा है। ट्रैकिंग साफटवेयर के माध्यम से यात्रियों व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी बस की सही स्थिति का पता चलेगा।श्री विज ने बताया कि हवाई अड्डों की तर्ज पर राज्य के बस अड्डों पर भी जल्द ही डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगें। इन डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से बसों के आवागमन की जानकारी प्राप्त होंगी।

****

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री की निगरानी के लिए मेडिकल स्टोरों का नियमित दौरा करनेऔर इन दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस रद्द करने और कानूनी कार्रवाई के साथ दुकानों को तुरंत सील करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने हरियाणा में "नशा मुक्ति कार्यक्रम" की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की लत के निःशुल्क उपचार की उपलब्धता सरल की जाए और उपचार के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि नशे के आदी रोगियों की पहचान गोपनीय रहे। उन्होंने नशीली दवाओं की लत के खतरे से बचाने के लिए स्कूल , कॉलेज जाने वाले बच्चोंको नशे की बुराई के प्रति जागरूक करने की बात कही और अभिभावकों को भी अपने बच्चों की आदतों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

****

जींद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अदालत का संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका ने किया। लोक अदालत में कुल 07 विचाराधीन मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 6 कैदियों को रिहा करने का आदेश पारित किया गया है लेकिन यह तभी लागू होगा अगर इन पर कोई अन्य मामला लंबित नहीं होगा।

****

चंडीगढ़ के कृषि विभाग के सचिव श्री हरि कालीकट ने कल चंडीगढ़ के सेक्टर 26 की अनाज, फल और सब्जी मंडी के आढ़तियों के साथ बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंडी समिति मंडी से अनधिकृत विक्रेताओं को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।आज के लिए एक विशेष सफाई अभियान निर्धारित किया गया, जिसे नगर निगम और मंडी समिति द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है।अभियांत्रिकी विभाग को मंडी में सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत करने के लिए कहा गया है।इसके अतिरिक्त, नई मंडी सेक्टर 39 की नई मंडी में एससीओ की नीलामी की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। नीलामी प्रक्रिया 31 मार्च तक पूरी होने की उम्मीद है।

****

भारतीय सेना के अम्बाला छावनी भर्ती कार्यालय द्वारा हरियाणा, हिमाचल,दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए शुरू की गयी सैन्य पुलिस में महिला फायर फाइटर अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 9 व 10 फ़रवरी को खड़गा खेल स्टेडियम में होगा जिसमें शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण किया जायेगा।यह चरण उन उम्मीदवारों के लिए खुला है, जिन्होंने पहले चरण में

लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है।उम्मीदवार भारतीय सेना की वेबसाइट से अपने दाखिला कार्ड डाउनलोड कर सकते है।